R.N.I. REGN. No. 69401/98

*केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत*

डाक रजि० नं० UP/BR/GBD-219/2021-23

**राष्ट्रीय/लोकल पेपर में विज्ञापन दें**

राष्ट्रीय समाचार पत्र व स्थानीय में जीडीए, नगर निगम सूचना, खोया-पाया, सम्बंध विच्छेद, कोर्ट सूचना विवाह आदि के विज्ञापन देने के लिए सूचित करें।

9871202247, 8700943182

गाजियाबाद, व गौतमबुद्धनगर से एक साथ प्रकाशित तथा नई दिल्ली, लखनऊ, हापुड़, साहिबाबाद व नोएडा से सर्वाधिक प्रसारित

# सत्ता बन्धु

*हिन्दी समाचार पत्र*



e-mail: sattabandhu@gmail.com
www.sattabandhu.com

वर्ष : 28 अंक : 3 (साप्ताहिक) गाजियाबाद 21 से 27 जून, 2025 सम्पादक : मुकेश गुप्ता मूल्य : एक रूपया पृष्ठ : 4

# डाटा सेंटर और ग्रीन एनर्जी में अग्रणी भूमिका निभा रहा सीईएलः योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डेटा सेंटर का किया शिलान्यास







**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भारत सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को गाजियाबाद के साहिबाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डेटा सेंटर का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीईएल द्वारा विकसित हो रहे नए ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह प्रधानमंत्री के 2070 तक नेट जीरो के संकल्प की ओर एक मजबूत कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि 2027 तक उत्तर प्रदेश 20,000 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी उत्पन्न करेगा, जिसमें सीईएल की भूमिका प्रमुख होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीईएल की यात्रा को भारत के औद्योगिक पुनरुत्थान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी के 2047 के विकसित भारत विजन का प्रमुख स्तंभ बताया और कहा कि सीईएल जैसे संस्थानों के माध्यम से ही नया भारत अपनी शक्ति, तकनीक और आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

गाजियाबाद में सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के स्वर्ण जयंती समारोह एवं डाटा सेंटर के शिलान्यास के अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना में हिस्सा लिया और प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया जहां पर उन्हें डाटा सेंटर और इसकी कार्यप्रणाली के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में सीईएल की ओर से भारत सरकार को लगभग 21 करोड रुपए के लाभांश का चेक भी भेंट किया गया, जबकि सीईएल और मल्टी इंफ्रा के बीच 200 मेगावाट सोलर मॉड्यूलर के लिए एमओयू भी हस्तांतरित हुआ।

**डिसइन्वेस्टमेंट से मिनी रत्न तक का सफर प्रेरणादायी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) की 50 वर्षों की यात्रा को एक सक्सेस स्टोरी बताते हुए कहा कि यह संस्थान अब 'अमृत काल' में प्रवेश कर चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। सीईएल की स्वर्ण जयंती पर आयोजित समारोह में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ऐसा भी समय था जब अंधकार के बादल मंडरा रहे थे, सीईएल को डिसइनवेस्टमेंट की सूची में डाल दिया गया था। लेकिन आज वही सीईएल एक लाभ कमाने वाली मिनी रत्न कंपनी बन गई है और केंद्र सरकार को लाभांश का चेक सौंप चुकी है। यह परिवर्तन आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

**सीईएल की तकनीकी दक्षता और इनोवेशन दे रहे देश को मजबूती**

मुख्यमंत्री ने सीईएल द्वारा रेलवे, रक्षा, अक्षय ऊर्जा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में किए गए नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था की प्रौद्योगिकी और इनोवेशन देश को मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीईएल द्वारा स्मार्ट क्लासरूम, सिग्नलिंग सिस्टम, रिन्यूएबल एनर्जी मॉड्यूल और डिफेंस उपकरणों के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का पहला सोलर फोटोवोल्टिक माड्यूल सीईएल ने तैयार किया था और आज वह भारत का पहला ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर भी स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में ब्रह्मोस मिसाइल से जुड़े उपकरण भी सीईएल जैसे संस्थानों के सहयोग से ही बन रहे हैं। कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि ब्रह्मोस और आकाश जैसी मिसाइल का उपयोग हाल ही में पाकिस्तान पर किया गया। हम कह सकते हैं कि इन दोनों मिसाइलों की क्षमता को पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया में ट्रस्टेड किया जा चुका है।

**नया उत्तर प्रदेश, नया आत्मविश्वास**

मुख्यमंत्री ने सीईएल के विकास को उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर से जोड़ा। उन्होंने बताया कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था ढाई गुना बढ़ी है, 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है और अब निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि 2017 में प्रदेश बीमारू की छवि से जूझ रहा था, लेकिन आज यह देश का ग्रोथ इंजन बनने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में से 15 लाख करोड़ के निवेश को ग्राउंड ब्रेकिंग के जरिए प्रोडक्शन से जोड़ा गया है।

**अमृत काल में यह समर्पण का समय**

सीईएल की यात्रा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, आपका बचपन अच्छा था, जवानी में कुछ भटकाव आया, लेकिन अब आपका अमृत काल शुरू हो चुका है। यह आने वाले 25 वर्ष भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए समर्पण का समय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बार-बार यह संदेश देते हैं कि इंस्टीट्यूट्स को इंडस्ट्री से जोड़ना चाहिए और उत्तर प्रदेश के पास इसके लिए आईआईटी, आईआईएम, विश्वविद्यालय और केंद्रीय प्रयोगशालाओं के रूप में उत्कृष्ट संस्थान मौजूद हैं।



**नोएडा में स्थापित होगा देश का पहला क्वांटम यूनिटः डॉ जितेंद्र सिंह**

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि सीईएल का अपना एक इतिहास है। इस संस्थान ने 1970 में पहले सोलर सेल को ईजाद किया था। आज 50 साल बाद अब यह ग्रीन डाटा सेंटर भी शुरू करने जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए आपका नाम इतिहास में दर्ज हो गया और मुझे खुशी है कि मेरे मंत्रालय के दो संस्थाओं ने भी उसमें अपना योगदान किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द हम नोएडा में आईआईटी के अंदर देश का पहला क्वांटम यूनिट स्थापित करेंगे। इसके साथ ही, लखनऊ के नजदीक बायोटेक्नोलॉजी पार्क स्थापित करेंगे और अगस्त में दो या तीन दिवसीय एक स्टार्टअप कॉन्क्लेव आयोजित करने की भी योजना बना रहे हैं।

# मानसरोवर भवन, उत्तराखंड व पूर्वांचल भवन का उपयोग शुरू करें नागरिकः योगी



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा व मार्गदर्शन में पिछले 8 वर्ष में यूपी ने जो कार्य किया है, उससे गााजियाबाद नए गाजियाबाद के रूप में चमक रहा है। यहां के बारे में धारणा बदली है। जिस गाजियाबाद के नाम पर कभी अपराध और गैंगवार की फिल्में बनती थीं। आज वह गाजियाबाद विकास, स्वच्छता व सुव्यवस्था का मॉडल बनकर उभर रहा है। दुनिया की 50 और प्रदेश की पहली स्वच्छ सिटी के रूप में गाजियाबाद का नाम आ रहा है। 10 वर्ष पहले कोई सोचता नहीं था कि जनपद 12लेन के ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के साथ जुड़ेगा और देश की पहली रैपिड रेल गाजियाबाद से होकर जाएगी, लेकिन आज यह सब कुछ हो गया। आज गाजियाबाद के पास रैपिड रेल, 12लेन हाईवे, मेट्रो, एयरपोर्ट भी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत की। उसके पहले कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे जत्थे को शुभारंभ किट उपलब्ध कराया। सीएम ने इन यात्रियों का हृदय से अभिनंदन करते हुए सुखद-मंगलमय यात्रा की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहाकि देवाधिदेव महादेव से प्रार्थना करता हूं कि इन सब पर कृपा बनी रहे। दर्शन करके आने वाले सभी यात्रियों को यूपी सरकार की तरफ से एक-एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। कैलाश मानसरोवर भवन हमने यात्रियों की सुविधा के लिए स्थापित किया था। आज 200 से अधिक श्रद्धालु इस भवन में आकर यात्रा का हिस्सा बनने जा रहे हैं।

सीएम ने कहा कि आज प्रातःकालीन सत्र में गाजियाबाद आया। यहां सेंटर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की स्वर्ण जयंती कार्यक्रम हिस्सा बना। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ ग्रीन फील्ड डेटा सेंटर का शिलान्यास किया। सीएम ने कहा कि सीईएल पहले घाटे का प्रतिष्ठान बन चुका था, लेकिन अब डिस इन्वेस्टमेंट से बचकर प्रॉफिट देने वाला भारत के मिनी रत्न प्रतिष्ठानों में से एक बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहाकि गाजियाबाद अब ग्रेटर गाजियाबाद के रूप में नई यात्रा को प्रारंभ कर रहा है। यहां सभी संस्थाओं ने अच्छे कार्य किए हैं। सीएम ने कहा-ग्रेटर गाजियाबाद की दृष्टि से कुछ नए इनेसेटिव आगे बढ़ाने के साथ ही खोड़ा, लोनी, मुरादनगर को गाजियाबाद नगर निगम का हिस्सा बनाने और इसके वृहद विकास की कार्ययोजना बनाने को कहा है। इंटीग्रेटेड ऑफिस कॉम्प्लेक्स यानी सभी जनपदीय मुख्यालयों को एक छत के नीचे लाने और पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय के जरिए मुख्यालय के रूप में सुरक्षा व बेहतरीन कानून व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

सीएम ने कहा कि बाबा दुग्धेश्वरनाथ मंदिर कॉरिडोर निर्माण समेत विकास-बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। स्टेडियम बनाने के लिए बीसीसीआई ने बहुत पहले यहां जमीन ली थी, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से कहा गया कि उस लैंड का प्रयोग करे और स्टेडियम बनाकर उसका संचालन करे। सीएम ने कहा कि नागरिक अब मानसरोवर भवन, उत्तराखंड भवन या पूर्वांचल भवन का उपयोग शुरू करे। जीडीए व नगर निगम से कहा है कि इसका मॉडल बनाकर भेजें, जिससे इसे ठीक ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। सीएम ने कहा कि कुछ वर्षों में उठाए गए कदम के कारण गाजियाबाद में ग्रीनरी का लेवल बढ़ा है। यह सुंदर सिटी के रूप में आगे बढ़ी है। यहां कूड़े के ढेर समाप्त हुए और मियावाकी, सिटी फॉरेस्ट के रूप में नया मॉडल देखने को मिल रहा है।

# उत्तर प्रदेश के विकास प्राधिकरण में चली ट्रांसफर एक्सप्रेस, दर्जनों इंजीनियरों के हुए तबादले

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के चीफ इंजीनियर, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अवर अभियंता के हुए तबादले

**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग 5 के विशेष सचिव महेन्द्र प्रसाद भारती व उप सवि अमिताभ श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण केंद्रीययित सेवा के अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंताओं के करीब 100 इंजीनियरों के तबादले प्रदेश के अंदर अन्यत्र जिलों में कर दिए हैं। जिनमें गाजियाबाद के कार्यवाहक चीफ इंजीनियर एवं अधीक्षण अभियंता मान्वेन्द्र सिंह को मेरठ विकास प्राधिकरण में तैनात किया है। हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता अंगद सिंह को लखनऊ विकास प्राधिकरण, जयकरन सिंह को मुजफ्फनगर से आगरा, महेशचंद उप्रेती को हापुड़ से लखनऊ, पीयूष जैन हापुड़ से मिर्जापुर विध्यांचल विकास प्राधिकरण, गिरीश कुमार पाण्डेय मुरादाबाद से आगरा विकास प्राधिकरण, मुकेश कुमार सक्सेना, मुरादाबाद से लखनऊ, राकेश सिंह तोमर नव प्रोन्नत सहायक अभियंता हापुड़ से अयोध्या विकास प्राधिकरण, महेश कुमार श्रीवास्तव अभियंता गाजियाबाद से झांसी विकास प्राधिकरण, अनुज कुमार शर्मा सहायक अभियंता वाराणसी विकास प्रधिकरण से सहारनपुर, कमल कुमार थापर सहायक अभियंता प्रयोगराज से हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण, अशोक कुमार सहायक अभियंता लखनऊ से मुरादाबाद, रमेशचंद वर्मा बरेली से शाहजहांपुर विकास प्रधिकरण, मनोज कुमार सिंह विद्युत यांत्रिकी लखनऊ से बरेली, सुधीर कुमार पाण्डेय सहायक अभियंता गाजियाबाद से मुरादाबाद, राजीव सहायक अभियंता रायबरेली से गाजियाबाद, संजय वशिष्ठ नव प्रोन्नत सहायक अभियंता प्रयोगराज से लखनऊ, मनोज कुमार सागर अधिशासी अभियंता लखनऊ से गोरखपुर विकास प्रधिकरण, निशांत कुमार सहायक अभियंता गाजियाबाद से लखनऊ, आलोक रंजन अधिशासी अभियंता गाजियाबाद से कानपुर, रमन कुमार नव प्रोन्नत सहायक अभियंता बरेली से आगरा, जावेद अख्तर नव प्रोन्नत सहायक अभियंता मेरठ से आगरा, सतीश कुमार तिवारी अधिशासी अभियंता गोरखपुर से लखनऊ, विरेंद्र कुमार राणा नव प्रोन्नत सहायक अभियंता हापुड़ पिलखुआ विकास प्रधिकरण, संजय कुमार सिंह सहायक अभियंता सहायक अभियंता प्रयागराज से गोरखपुर विकास प्राधिकरण, विनीत अग्रवाल अधिशासी अभियंता मुजफ्फरनगर से लखनऊ विकास प्राधिकरण, अनिल कुमार सहायक अभियंता बरेली से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, वंश बहादुर यादव सहायक अभियंता उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण से लखनऊ विकास प्राधिकरण, देवेन्द्र कुमार सहायक अभियंता बुलंदशहर-खुजा विकास प्राधिकरण से मेरठ विकास प्राधिकरण, राज सिंह नव प्रोन्नत सहायक अभियंता मेरठ से हापुड़ पिलखुआ, राजीव कुमार अधिशासी अभियंता लखनऊ से मेरठ विकास प्राधिकरण, अतुल शर्मा सहायक अभियंता लखनऊ से बागपत बड़ौत विकास प्राधिकरण, पवन कुमार शर्मा सहायक अभियंता मेरठ विकास प्राधिकरण से लखनऊ विकास प्राधिकरण, अमित कादियान अधिशासी अभियंता मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से हापुड़-पिलखुआ विकास प्राधिकरण, पंकज कुमार शुक्ला नव प्रोन्नत सहायक अभियंता आगरा विकास प्राधिकरण से मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण, राजन सिंह अवर अभियंता मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, राजीव अवर अभियंता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को आगरा विकास प्राधिकरण, विरेंद्र कुमार पाण्डेय अवर अभियंता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, राजेन्द्र सिंह अवर अभियंता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, संजय कुमार अवर अभियंता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से हापुड़-पिलखुआ विकास प्राधिकरण नरेंद्र कुमार मार्कण्डेय अवर अभियंता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से मेरठ विकास प्राधिकरण, चन्द्रप्रकाश शर्मा अवर अभियंता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, भगवानदास अवर अभियंता गाजियाबाद से लखनऊ, ओमपाल सिंह अवर अभियंता मेरठ से लखनऊ विकास प्राधिकरण, सुधांक मिश्रा अवर अभियंता रायबरेली से प्रयागराज विकास प्राधिकरण, ओमकार शर्मा अवर अभियंता मेरठ से आगरा विकास प्राधिकरण, कमलदीप अवर अभियंता गाजियाबाद से उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण भेजा गया है।

## संपादकीय

# परमाणु बम का खतरा

अमेरिका ने जिन तीन परमाणु स्थलों पर हमला किया है, वह सभी ईरान के प्रमुख यूरेनियम संवर्धन ठिकाने हैं। यहां संयंत्रों में प्राकृतिक यूरेनियम को अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम में बदला जाता है। इसी यूरेनियम को प्रयोग परमाणु बम में किया जाता है। परमाणु बिजली बनाने के लिए 3-5 प्रतिषत का



यूरेनियम संवर्धन पर्यापत होता है, लेकिन हथियार बनाने के लिए यूरेनियम-235 संवर्धन की जरूरत होती है। यह हमले जिस तादाद में किए गए हैं, उससे बड़े पैमाने पर परमाणु विकिरण रिसाव की आषंका जताई जा रही है। परमाणु बम युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले पारंपरिक विस्फोटाकों और रसायनों से भिन्न होते हैं। ये बहुत कम समय में बहुत अधिक मात्रा में ऊर्जा छोड़ते हैं, यह ऊर्जा अनेक कड़ियों में रसायनिक प्रक्रियाएं आरंभ कर देती हैं। जो व्यापक और दीर्घकालिक क्षति पहुंचा सकती है। परमाणु हथियार कुछ ही पलों में बड़ी मात्रा में ऊर्जा छोड़ते हैं, जो आसपास के वायुमंडल को लाखों डिग्री सेल्सियस तक गरम कर देती हैं। इस विस्फोट से अनेक प्रकार के विद्युत चुंबकीय विकिरण फैल जाते है, जो अत्यंत घातक होते हैं। हालांकि ईरान के इन ठिकानों में रखे परमाणु हथियारों में विस्फोट की कोई आषंका नहीं है। क्योंकि विस्फोट के लिए परमाणु उपकरणों का सहारा लेना पड़ता है। जो हमलों से संभव नहीं है, लेकिन इनमें रिसाव हो जाता है तो ऐसे में रासायनिक और रेडियोलाजिकल रिसाव दोनों ही संकट में डालने वाले होते है। रेडियोलाजिकल रिसाव 1996 में रूस के चेर्नोबिल और 2011 में तूफान आने से जापान के फुकुशिमा में हुआ था। अतएव हमलों के कारण परमाणु विकिरण रिसाव की आशंका बनी हुई है। अमेरिका का यह हमला नटखट बालक की जिद की तर्ज पर उस हद से बाहर चला गया है, जो दुनिया के अंतरराष्ट्रीय कानून और अपने ही देश के कानूनों की परवाह नहीं करता है। इसीलिए अमेरिका के भीतर इस परमाणु हमले को लेकर अमेरिकी जनमत विभाजित दिखाई दे रहा है। दरअसल किसी देश पर हमला करने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी संसद में हमले का प्रस्ताव लाकर अनुमोदन की जरूरत थी। परंतु उन्होंने इस प्रक्रिया पर अमल नहीं किया। जबकि अमेरिका की ही बात करें तो अप्रैल 2003 में ईराक पर अमेरिका ने सद्दाम हुसैन को सत्ता से बेदखल के लिए हमला किया था तब तत्कालीन राष्ट्रपति बुश ने संसद से मंजूरी ली थी।

# विद्युत निगम की लापरवाही, खामियाजा भुगत रहा नगर निगम



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक निरीक्षण के दौरान वसुंधरा जोन पहुंचे तथा बृज बिहार में चल रहे पुलिया निर्माण के कार्यों को देखा जिसको यूपी सीडा के माध्यम से सेतु निगम द्वारा किया जा रहा है, मानसून से पूर्व नालों की सफाई तथा नालो में लगी हुई रोक को हटाने का कार्य गाजियाबाद नगर निगम तत्परता से कर रहा है, बृज विहार पुलिया निर्माण में सेतु निगम द्वारा लगाई गई रोक से संबंधित नालों की ओवरफ्लो होने की संभावना बढ़ सकती है तथा जल भराव की स्थिति पैदा हो सकती है जिसको हटाने तथा कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश उपस्थित जे ई को दिये गए। नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के क्रम में ही बृज विहार नाले के बीचो-बीच जा रही विद्युत लाइन पर भी नाराजगी जताई गई तथा उपस्थित निगम अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिए बिना अनुमति के नालों के बीच में विद्युत निगम की इतनी बड़ी लाइन जल भराव का कारण बन रही है तथा नालों की सफाई में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।

इस मौके पर स्थिति को देखकर नगर आयुक्त द्वारा खुद फोटो क्लिक कर विद्युत विभाग के अधिकारियों को भेजा गया, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को विद्युत विभाग के साथ पत्राचार करते हुए बिना परमिशन के लगाई हुई विद्युत लाइन को हटवाने के निर्देश दिए गए' निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार मौके पर जिनको नगर आयुक्त द्वारा बृज विहार नाले पर बनाए जा रहे पुल तथा नाले के बीच से जा रही विद्युत लाइन पर मॉनिटरिंग बनाए रखने के लिए भी कहा गया किसी प्रकार की परेशानी क्षेत्र वासियों को जल भराव की ना हो विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज तथा वसुंधरा जोन से जोनल प्रभारी एसके राय उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक मुकेश गुप्ता ने नूतन आफसेट प्रिंटिंग प्रेस 5 मालीवाड़ा, गाजियाबाद से छपवाकर 'सत्ता बन्धु' कार्यालय 10बी-50/302 द्वितीय मंजिल, ब्रह्मपुत्र एनक्लेव, सैक्टर-10, सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद से प्रकाशित किया। समाचार पत्र से जुड़े सभी पद अवैतनिक हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा। प्रकाशित विचारों से सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**गाजियाबाद कार्यालय :** 10, द्वितीय मंजिल शंभूदयाल काम्पलैक्स निकट एमएमजी अस्पताल, जी.टी. रोड़ गाजियाबाद

**सम्पादक : मुकेश गुप्ता**

मो0:- 9871202247, 8700943182

**नोएडा कार्यालय :** 'लिटिल हाइट्स' निकट शिव दुर्गा मंदिर, सैक्टर-51 गिझौड़ नोएडा, गौतमबुद्धनगर

**विद्या सागर ( 9811142676 )**

# भारतीय रेडक्रास : ना रुकने का नाम न थमने का काम









**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद इकाई द्वारा भारतीय स्टेट बैंक स्थापना के 70 दशक पूरे होने पर गाजियाबाद कलेक्ट्रेट परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में रक्तदान शिविर का आयोजन आज 24 जून को किया गया जिसका शुभारंभ रेड क्रॉस सभापति डॉ डॉक्टर सुभाष गुप्ता के करकमलों द्वारा हुआ।

रक्त दाताओं के सम्मान के लिए रेड क्रॉस सचिव डॉक्टर किरण गर्ग की गरिमामई उपस्थिति रही।

रक्त संग्रहण के लिए डॉ सारीक व विनोद कुमार के नेतृत्व में जिला रक्त कोष की टीम तत्पर रही जिसमें पल्लवी चौहान, मोनू, सुशांत, मनीष, सुरेंद्र, के अतिरिक्त रेड क्रॉस राष्ट्रीय रक्त कोष की टीम भी संलग्न रही।

बैंक के मुख्य प्रबंधक संजय दास रेड क्रॉस का अभिनंदन प्राप्त करके गदगद हो गए '' वह बहुत खुश हुए और भविष्य में भी स्टेट बैंक और रेड क्रॉस का गठबंधन सेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। शिविर के आयोजन में रेड क्रॉस के विपिन अग्रवाल व लावण्या अग्रवाल का सहयोग समरणीय रहेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अवंतिका में सामूहिक योगाभ्यास, सौहार्द व स्वास्थ्य का संदेश









**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के प्रेरणास्पद संकल्प के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अवंतिका कॉलोनी स्थित महर्षि दयानंद पार्क में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कवि नगर मंडल एवं भाजपा गाजियाबाद महानगर (एनजीओ प्रकोष्ठ) द्वारा किया गया, जिसमें कॉलोनी के सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी (एनजीओ प्रकोष्ठ) के महानगर सह-संयोजक सत्येन्द्र सिंह ने किया, जिन्होंने योग को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने पर बल दिया। संयोजन में उत्थान समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह और वार्ड 56 के पार्षद मनोज त्यागी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

योग सत्र का संचालन आर्य समाज अवंतिका के प्रधान वेद प्रकाश तोमर ने किया, जिनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। महिलाओं के लिए विशेष सत्र का संचालन विदुषी प्रभा सिंघल ने किया, जिसमें उन्होंने महिलाओं के लिए योग के लाभों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सात्विक प्रसाद एवं जलपान कराया गया। वरिष्ठ नागरिक राजकुमार सिसोदिया ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर अफ्हअ महासचिव धर्मवीर शर्मा ने स्वास्थ्य जागरूकता की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी को प्रतिदिन योग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर, शास्त्री नगर स्थित उत्थान वाटिका एवं अवंतिका पार्क में शहीदों की स्मृति में 10 सिन्दूर के पौधे लगाए गए, जो समाज के प्रति हमारी संवेदनशीलता और कर्तव्यबोध को दशार्ता है। अरुण त्यागी, महेश चौधरी, एच. एन. सिंह, हरेंद्र मिश्रा, बबिता सिंह, प्रतिमा कटियार, रीना त्यागी, प्रीति सिंह सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं कॉलोनी निवासी मौजूद रहे। यह आयोजन समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम के भाव को सुदृढ़ करने की प्रेरणा भी बना।

# कन्या भ्रूण हत्या रोकने का लिया संकल्प, बेटियों के हक की लड़ाई लड़ रहे

**सत्ता बन्धु**



गाजियाबाद। गाजियाबाद नवयुग मार्केट अन्नपूर्णा बैंकट हॉल प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन व हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट के तत्वाधान में संकल्प दिवस के रूप में मनाया। कन्या भ्रूण हत्या रोकने और लोगों को जागरूक करने के लिए प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन और हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट प्रतिवर्ष कन्या भ्रूण हत्या क्यों पर अनेकानेक विशाल आयोजन कर संकल्प दिवस मनाता आ रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय नरेंद्र कश्यप, राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल, माननीय अजीत पाल त्यागी, विधायक, माननीय संजीव शर्मा विधायक, बदायूं की जिला पंचायत सदस्य पूनम यादव, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, परमार्थ समिति के चेयरमैन वी के अग्रवाल ने संयुक्त बयान में कहा कि कन्या भ्रूण हत्या पाप ही नहीं महापाप है जो इसके जिम्मेदार होंगे उनको इसकी सजा अवश्य मिलेगी बेटी को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए । कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया संस्था के संस्थापक अध्यक्ष ब्रह्मर्षि विभूति बीके शर्मा हनुमान कहा कि उनकी संस्था पिछले 33 वर्षों से कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए संकल्प दिवस के रूप में मनाती आ रही है। इसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों में जागरूकता का संदेश दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या पाप नहीं बल्कि महापाप है। सभी ने एक स्वर में कहा की कन्या माता लक्ष्मी का रूप है और जिस घर में आती है उस घर में सुख समृद्धि अपने आप आ जाती है। उन्होंने कल्पना चावला किरण बेदी दुर्गा भाभी रानी लक्ष्मीबाई तीजन बाई आदि अनेक उदाहरण देकर बताया कि अब महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। बल्कि पुरुषों से अधिक मान सम्मान कमा रही हैं।

# आपातकाल की 50 वी वर्षगांठ

**सत्ता बन्धु**

1971 के चुनाव में व्यापक स्तर पर छेड़छाड़ करने के आरोप के कारण इलाहाबाद उच्च न्यायालय में राजनारायण जी द्वारा एक वाद योजित किया गया जिस पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी को दोषी माना वह उनकी संसद की सदस्यता रद्द कर दी गई। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया ऑफ सुप्रीम कोर्ट ने भी इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को सही माना बस यही समय था जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा पूरे देश में आपातकाल घोषित कर दिया गया 25जून 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई प्रेस पब्लिक मीडिया राजनीति सभी व्यक्तियों को चुन चुन कर जेलों में डाल दिया गया और जो लोग जेलों में रहे हैं वह इस बात को अच्छी तरह बता सकते हैं कि उनके साथ क्या-क्या बीती यह विडंबना रही की है आज भी जहां-जहां प्रदेशों में कांग्रेस या अन्य की सरकार हैं यही सब लगातार जारी है। जिसके कुछ विवरण नीचे दिए जा रहे हैं।1:- अभिनेत्री पायल रोहतगी ने जब नेहरू और एडविना की फोटो पोस्ट की राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने रात को 9:00 बजे उनके घर पर पुलिस भेज कर उन्हें उठा लिया था 2:-सुमित ठक्कर नामक एक युवक ने फेसबुक पर लिखा कि मुंबई जैसे सब- ट्रॉपिकल माहौल में बेबी पेंग्विन पालने का सोच सिर्फ एक बेबी पेंग्विन ही रख सकता है तब उद्धव ठाकरे सरकार ने पूरे महाराष्ट्र में उसके ऊपर 40 जिलों में केस दर्ज करवाया और उसे हथकड़ी और बेड़ियों में किसी आतंकवादी की तरह जकड़ कर पूरे महाराष्ट्र में घुमाया जाता था3:- केतकी चैताली ने फेसबुक पर लिखा कि जो झूठ बोलता है उसका मुंह टेढ़ा हो जाता है उन्होंने कहीं शरद पवार का नाम नहीं लिखा था सुबह 7:00 बजे उसके घर से उसे तब उठाया गया जब वह पूरे कपड़े भी नहीं पहनी थी और उसे 104 डिग्री बुखार था और उसके ऊपर पूरे महाराष्ट्र में 80 से ज्यादा जगह पर एफआईआर दर्ज करवाया गया

वह तो मुंबई हाई कोर्ट के एक नेक जज की मेहरबानी से उसे जमानत देने का आदेश दिया गया4:- जब पी चिदंबरम गृह मंत्री थे तब पांडिचेरी के एक बिजनेसमैन ने ट्विटर पर लिखा की कार्तिक चितम्बरम के पास रॉबर्ट वाड्रा से ज्यादा दौलत है तुरंत ही उसे बिजनेसमैन के ऊपर आतंकवादियों वाली धारा लगाकर गिरफ्तार किया गया उसके यूनिट पर अक्क सेल टैक्स पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड इत्यादि का छापा मारा गया बैंक को कहकर उसके यूनिट को दिया गया फाइनेंस रिटर्न करवा लिया गया

5:- कंगना रनौत का घर सिर्फ इसलिए तोड़ा गया क्योंकि उन्होंने उद्धव ठाकरे पर टिप्पणी किया और घर तोड़कर अगले दिन सामना अखबार में लिखा उखाड़ दिया ! 6:-महाराष्ट्र में विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए 16 साल पहले पुलिस की नौकरी से इस्तीफा दे चुके दरिंदे वहशी हत्यारे सचिन वजे को फिर से पुलिस की नौकरी में लाकर विरोधियों को ठिकाने लगाया गया अर्णव गोस्वामी को उसके घर से उसके बुजुर्ग मां और बच्चों के सामने घसीटते हुए ले जाया गया7:- अजीत भारती ने जब कांग्रेस के नेता प्रमोद कृष्णन की बातों को कोट किया तब उनके घर कर्नाटक सरकार पुलिस भेज दी

8:- एक और पत्रकार रचित कौशिक ने जब केजरीवाल के भ्रष्टाचार पर वीडियो बनाया तब पंजाब पुलिस दिल्ली आकर उन्हें रात को 9:00 बजे सादे कपड़े में उठाकर पंजाब ले गई चार दिन तो घर वालों को लगा कि अपराधियों ने किडनैप किया है बाद में पंजाब पुलिस बोली कि हमने उन्हें उठाया है क्योंकि उन्होंने केजरीवाल के शीश महल पर वीडियो बनाया 9:- टाइम्स नाउ नवभारत की पत्रकार भावना ने जब केजरीवाल के शीश महल के भ्रष्टाचार को उजागर किया तब उसकी गाड़ी से एक दलित ई रिक्शा चालक से एक्सीडेंट दिखाकर पंजाब पुलिस उसे दलित एक्ट में उठा ले गई जबकि वह गाड़ी चला नहीं रही थी बगल में बैठी थी।पंजाब हाईकोर्ट ने भगवंत मान सरकार को इतने तमाचे मारे और कहा कि तुम तानाशाह बन चुके हो और भावना को तुरंत रिहा करने का आदेश दिया और दलित एक्ट रद्द कर दिया क्योंकि हाईकोर्ट ने कहा कि यह साफ पता चलता है कि आपने इस पत्रकार को लंबा फसाने के लिए यह पूरी प्लानिंग की है और बाद में उसे रिश्ता चालक ने भी कोर्ट में कह दिया कि सर मुझे पैसे का लालच देकर कहा गया कि तुमको गाड़ी को टक्कर मारनी है 10:- तेजिंदर बग्गा ने जब केजरीवाल के भ्रष्टाचार पर ट्वीट किया तब पंजाब पुलिस उसे किडनैप करके ले गई लेकिन वह तो हरियाणा सरकार की मेहरबानी थी कि बीच में ही पंजाब पुलिस को तमाचे तमाचे कोर्ट द्वारा लगे 11:- कुमार विश्वास ने जब बिना किसी का नाम लिए लिखा कि अब खालीस्तानी सर उठाएंगे तो उनके घर यूपी में पंजाब पुलिस भेज दिया 12 :- छत्तीसगढ़ में जब भूपेश बघेल मुख्यमंत्री थे तब नोएडा में आठ बार छत्तीसगढ़ पुलिस भेज कर उन्होंने तमाम चैनल के पत्रकारों को उठाने की कोशिश की गयी थी। लेकिन हां तानाशाह तो नरेंद्र मोदी है

# एयर इंडिया ड्रीमलाइनर क्रेश...!

अहमदाबाद में एयर इंडिया ड्रीमलाइनर क्रेश,
वो सैकड़ों जानें चली गई स्तब्ध रह गया देश।
कुछ ही पल में ना जाने क्या-से-क्या हो गया,
हंसता-खेलता 'जीवन' शवों का ढेर बन गया।
किसी का 'भाई, बहन, माता-पिता और बेटा',
उडी मौत ने अपनी आगोश में सबको समेटा।

अहमदाबाद में एयर इंडिया ड्रीमलाइनर क्रेश,
वो सैकड़ों जानें चली गई स्तब्ध रह गया देश।
इस भीषण हादसे में सिर्फ एक यात्री हैं जिंदा,
सैकड़ों हो गए आग में भस्म पूरा देश शर्मिंदा।
'भारतीय मूल' के नागरिक पली रमेश विश्वास,
विमान की सीट नंबर '11-ए' से रह गईं आस।



अहमदाबाद में एयर इंडिया ड्रीमलाइनर क्रेश,
वो सैकड़ों जानें चली गई स्तब्ध रह गया देश।
घटनास्थल पर राहत दलों की हैं बड़ी पनौती,
नामुमकिन हैं शवों की पहचान करना चुनौती।
कईयों की हालत अभी-भी हैं बहुत ही गंभीर,
सारा देश करता हैं रब से 'दुआँ' होकर अधीर।
(संदर्भ-अहमदाबाद में एयर इंडिया ड्रीमलाइनर क्रेश)

**- संजय एम तराणेकर**

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया





**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद इकाई का 21 जून का दिन सदा स्मरणीय रहेगा। सर्व विदित है कि भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सफल राजनीतिक नेता के रूप में भारत का प्रचम पूरे विश्व में लहराया है। योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई आज योग अभ्यास पूरे विश्व में अपनाया जा रहा है।

गाजियाबाद के राज नगर एक्सटेंशन में वी वी आई पी सोसाइटी में आयोजित योग शिविर में सभापति सुभाष गुप्ता, विपिन अग्रवाल, धवल गुप्ता व सुषमा गुप्ता ने सफलतापूर्वक भाग लिया तदोपरांत शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सम्राट हॉस्पिटल के सौजन्य से किया गया जिसमें रक्तचाप, हीमोग्लोबिन व शुगर आदि की जांच की गई। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो अकादमी के संयोजन से योग शिविर के उपरांत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ सीबीआई डायरेक्टर श्री प्रवीण सूद, सीबीआई, डी. आई.जी अनीश गुप्ता, नरेंद्र सिंह, महेश कुमार व अन्य अधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित करके किया जिनका सभापति सुभाष गुप्ता द्वारा अंग वस्त्र ओढ़ाकर व सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर रेड क्रॉस की सेवा भावना से ओत प्रोत किया। सभी अधिकारी व प्रशिक्षु बहुत ही उत्साहित थे। सभी 68 रक्तदानियों को रेड क्रॉस का रक्तदाता सम्मान पत्र व रेड क्रॉस का मग देकर सम्मानित किया। सभी रक्तदानी बहुत खुश थे। अधिकारियों ने मुक्त कंठ से सीबीआई और रेड क्रॉस के संयुक्त प्रयास से सफल हुए इस कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सुभाष गुप्ता ने बताया कि पिछले 1 वर्ष से लगातार ऐसे प्रयास किया जा रहे हैं कि रक्तदान शिविर सरकारी संस्थान में आयोजित होने लगे हैं।

# नेहरु वर्ल्ड स्कूल के दो छात्रों का टीम इंडिया में चुनाव, गोल्ड मैड़ल



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः नेहरू वर्ल्ड स्कूल शिक्षा के साथ. साथ खेलों में भी उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करता है और यह अवसर स्कूल की समग्र शिक्षा पद्धति का प्रमाण है। इसी श्रंखला में स्कूल के तीन खिलाड़ियों को भारत कैम्प में आमंत्रित किया गया, जिनमें से दो खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ। जिनमें आयूष कुमार, अंश तोमर शामिल हैं।

अंडर 17 भारतीय बास्केटबॉल टीम का हिस्सा बनें उन्होंने दक्षिण एशिया बास्केटबॉल संघ (रअइअ) चैंपियनशिप में मलेशिया में भाग लिया और निरन्तर बढ़त बनाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश और नेहरू वर्ल्ड स्कूल का गौरव बढ़ाया। इस जीत के बाद भारतीय बास्केट बॉल टीम ने एशिया कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो सितम्बर में मंगोलिया में खेला जाएगा।

नेहरु वर्ल्ड स्कूल इसी प्रकार अन्तर्राष्टीय खिलाड़ी देश को देने के लिए कृतसंकल्प है। कोच प्रदीप तोमर,विजय सिंह एवं शशांक सिरोही के नेतृत्व में दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाए देते हुए विद्यालय-प्रबंधन आगामी एशिया कप में भी इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीद करता है।

# समाजसेवा के सच्चे प्रहरी केपी गुप्ता को डॉक्टरेट की उपाधि

## मोतियाबिंद के 18,750 ऑपरेशन कराकर लौटाई रोशनी, अब गरीबों के लिए बना रहे मुफ्त हॉस्पिटल



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। जब समाजसेवा जुनून बन जाए और परोपकार जीवन का ध्येय, तब ऐसे लोग समाज में प्रेरणा का प्रतीक बनते हैं। गाजियाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी कांती प्रसाद (केपी) गुप्ता ऐसे ही व्यक्तित्व हैं, जिनकी समाजसेवा को सम्मानित करते हुए सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी ने उन्हें मंगलवार को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके अथक सेवा कार्यों और जनहित में दिए योगदान के लिए दिया गया। श्री केपी गुप्ता केवल नाम के बिल्डर नहीं हैं, उन्होंने जीवन भर समाज की बुनियाद को मजबूत करने वाले कार्य किए हैं। उन्होंने अब तक 18,750 से अधिक गरीबों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराकर उनकी आंखों की रोशनी लौटाई है। यह कार्य उन्होंने बिना किसी सरकारी सहायता के, केवल समाज कल्याण की भावना से प्रेरित होकर किया है। केपी गुप्ता का मानना है कि पैसा कमाना सफलता है, लेकिन उसे जरूरतमंदों पर खर्च करना असली सार्थकता है। इसी सोच को लेकर उन्होंने डासना क्षेत्र में लायंस क्लब कविनगर के माध्यम से केपी ग्रुप हॉस्पिटल का निर्माण आरंभ किया है, जहां आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं निःशुल्क प्राप्त कर सकेंगे।

उनके डॉक्टरेट सम्मान की खबर आते ही गाजियाबाद और आसपास के सामाजिक संगठनों में खुशी की लहर दौड़ गई। अनेक गणमान्य जनों और संस्थाओं ने उन्हें बधाई दी और इस उपलब्धि को गाजियाबाद के लिए गौरव बताया।

# आरकेजीआईटी के विद्यार्थियों को मिला रु. 21000 का नगद इनाम




**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। एकेटीयू द्वारा आइडिया कॉन्टेस्ट 2025 का आयोजन किया गया । जिसका फाइनल 9 - 10 जून, 2025 को एकेटीयू कैंपस, लखनऊ में 24 घंटे के ग्रैंड फिनाले हैकाथॉन ह्लनवोन्मेष आइडिया चैलेंज 2025ह्व के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की 280 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया।

पहले राउंड में शीर्ष 100 आइडिया का चयन करने के बाद 50 टीमों को फाइनल के लिए चुना गया। इसके बाद आरकेजीआईटी की टीम ₹साइबर कॉन्करर₹ को पूरे राज्य में शीर्ष 6 फाइनलिस्टों में चुना गया। इस टीम में आरकेजीआईटी के दो विद्यार्थी कृष्णव तलुकदर एवं करन सिंह नेगी ने मिलकर बधिर और मूक लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए ए-आई आधारित रियल टाइम इंडियन लैंग्वेज ट्रांसलेटर ह्लइशाराह्वको विकसित किया। आरकेजीआईटी के डीन ईआईआई डॉ पुनीत चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस टीम में आरकेजीआईटी के सी एस ई - डेटा साइंस द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी कृष्णव तलुकदर एवं करन सिंह नेगी को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री आशीष सिंह पटेल एवं एकेटीयू के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पांडेय द्वारा 21,000 का नकद पुरस्कार दिया गया। उपरोक्त उपलब्धि के लिए संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर

# कोरी समाज की समस्याओं से डिप्टी सीएम को कराया अवगत



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। कोरी समाज सम्मेलन के अध्यक्ष लेखराज माहौर एडवोकेट व प्रदेश संयोजक भाजपा अजय शर्मा के द्वारा केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से मुलाकात की एवं कोरी समाज सम्मेलन के दौरान कोरी समाज की प्रमुख तीन मांगों को उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिनमें मुख्यतः तत्काल प्रभाव से पश्चिम उत्तर प्रदेश में कोरी समाज के जाति प्रमाण पत्र आसानी से बनने चाहिए। कोरी के समनार्थी कोली/हिन्दू जुलाहा को अधिसूचित किया जाए। कोरी समाज के व्यक्तियों को पश्चिम उत्तर प्रदेश में राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जाए। केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा कोरी समाज सम्मेलन में न पहुंचने पर खेद प्रकट किया गया और दिल्ली में मुख्यमंत्री परिषद की बैठक होने के कारण मैं सम्मेलन में नहीं पहुंच सका, इसका मुझे बहुत खेद है और मैं आपकी तीनों मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का प्रयास करूंगा।

# रोटरी क्लब गाजियाबाद विकास द्वारा कार्यकाल समापन पर सम्मान समारोह का आयोजन




**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। रोटरी क्लब गाज़ियाबाद विकास द्वारा रोटरी वर्ष 2024-25 की समापन संध्या पर क्लब की गतिविधियों में सहयोग देने वाले सदस्यों, प्रेस प्रतिनिधियों तथा रोटरी डिस्ट्रिक्ट के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु गौरवरात्रि का आयोजन स्विस होटल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. प्रशान्त राज शर्मा द्वारा गणेश प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन रो. शिखा माहेश्वरी और रो. नलिन गोयल ने किया।

इस अवसर पर क्लब की महिलाओं द्वारा मंचित नाटक नई रोशनी ने सभी का मन मोह लिया। इस नाटक को क्लब के पूर्व अध्यक्ष रो. संजय अग्रवाल द्वारा लिखा व निर्देशित किया गया था, जिसमें रोटरी क्लब गाज़ियाबाद विकास द्वारा वर्ष भर किए गए सेवाकार्यों को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया।\

कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों को उनके वर्षभर के योगदान हेतु सम्मानित किया गया। विशेष योगदान के लिए रो. रामअवतार जिन्दल, विजय जिन्दल, अनिल गर्ग, संजय अग्रवाल, रीमा गुप्ता, अशोक अग्रवाल, अरविन्द गर्ग, नलिन गोयल, कैलाश गोयल, दिनेश गर्ग व कैलाश मंगला को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रो. विनीत माहेश्वरी ने कहा कि सदस्यों के सहयोग से ही क्लब इस वर्ष पोस्टमार्टम हाउस में कोल्ड रूम जैसे महत्वपूर्ण प्रकल्प को साकार कर सका है। सभा को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. प्रशान्त राज शर्मा, रो. रवि बाली, रो. अमित गुप्ता तथा क्लब ट्रैकर रो. योगेश गर्ग ने भी संबोधित किया।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा आयोजित आधार कार्ड व नेत्र जांच शिविर का विधायक ने किया उद्घाटन






**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा डाक विभाग के सहयोग से संजीव शर्मा विधायक गाजियाबाद सदर विधानसभा के निर्देश पर सरस्वती शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज वार्ड नंबर-1 बाबू विजयनगर गाजियाबाद में प्रातः 10:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक आधार कार्ड एव नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन गाजियाबाद सदर विधायक संजीव शर्मा द्वारा किया गया शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता उत्तर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय सचिन डेढा आदि रहे।

आशु गुर्जर क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा एवं धर्मेंद्र नागर पार्षद वार्ड नंबर-1 अमित शर्मा डायरेक्टर सरस्वती शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज आदि ने सुंदर आयोजन विद्यालय में कर सभी अतिथियों का माला पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया शिविर मे श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम गाजियाबाद की तरफ से आंखों की मुफ्त जांच की व्यवस्था की गई 18 वर्ष की आयु तक के नए आधार कार्ड बनवाए गये तथा किसी भी आधार कार्ड में सुधार एवं बदलाव किया गया प्रातः 10 बजे से सांय 4बजे तक सैंकडो लोगों ने अपने आधार कार्ड करेक्शन कराया तथा अपनी आंखों की जांच करायी 155 लोगों ने अपनी आंखों की तथा 125 लोगों के नए आधार कार्ड एवं पुराने में संशोधन किया गया स्थानीय जनता ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा लगाए गए आधार कार्ड शिविर व नेत्र जांच शिविर की सराहना की तथा आशु गुर्जर धर्मेंद्र नागर अमित शर्मा आदि ने क्षेत्र की जनता से ज्यादा से ज्यादा आधार कार्ड बनवाकर तथा अपनी आंखों की जांच कराकर लाभ उठाने की अपील की

राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा पिछले 4 माह से आधार कार्ड सेंटर पर लगी लंबी लाइन को देखते हुए आधार कार्ड कैंप का आयोजन करता रहा है तथा भविष्य में भी जनपद गाजियाबाद के अनेको क्षेत्र में ऐसे शिविर आयोजित करेगा।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद विकास ने किया जल-मिलन कार्यक्रम आयोजित



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद विकास द्वारा हाई टेक इन्जीनियरिंग कालेज गाज़ियाबाद के स्वीमिंग पूल पर रोटरी फैलोशिप माह के अंतर्गत एक उत्साहपूर्ण जल-मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ठाकुर जी की तेज धूप ने जैसे ही गर्मी बढ़ाई, वैसे ही सभी रोटरी सदस्यों ने ठंडे पानी में डुबकी लगाकर राहत पाई। कार्यक्रम की शुरूआत में मजेदार स्नैक्स और स्वादिष्ट चाट ने सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात गायक कलाकार की लाइव म्यूज़िक प्रस्तुति और डांस ने माहौल को जीवंत कर दिया।

रोटेरियन शिखा माहेश्वरी, अंजू अग्रवाल एवं कल्पना मंगला द्वारा कराए गए कपल गेम्स ने समस्त उपस्थित सदस्यों को जोड़ने का अद्भुत कार्य किया। क्लब अध्यक्ष विनीत माहेश्वरी ने कार्यक्रम के होस्ट रोटेरियन आनन्द प्रकाश जी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों तथा रोटरी पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर . के. के. गुप्ता जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर क्लब के अनेक सदस्य व उनके परिजन उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप सेः विजय जिन्दल, आनन्द प्रकाश, अनिल गर्ग, राम अवतार जिन्दल ,कैलाश गोयल, मोती लाल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, कैलाश मंगला, नीरज गुप्ता, योगेश गर्ग, नरेश जिन्दल, सतीश अग्रवाल, कुलदीप रोहतगी, सुनील कुमार, दिनेश गर्ग, नलिन गोयल, बी. के. बंसल, संजय अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, चम्पा जिंदल, दया अग्रवाल, कमलेश गर्ग, निर्मल गोयल, रेनू अग्रवाल, कल्पना मंगला, अर्चना गुप्ता, रेखा गर्ग, सोमलता गर्ग, आरूषी गोयल, सरोज बंसल, रितु जिन्दल, दिव्या अग्रवाल, दीपिका रोहतगी आदि ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

# योग स्वास्थ्य रहने का सबसे बड़ा साधन है-प्रशांत चौधरी











**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज प्रतापविहार स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय में योग गुरु रमेश मंगल जी के नेतृत्व में योग दिवस का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अतुल गर्ग जी विधायक संजीव शर्मा, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी उपस्थित हुए। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने योग कर रहे लोगों से योग करो को निरोग रहोगे करने को बताया। उन्होंने कहा कि योग ऐसी चीज है इससे व्यक्ति स्वस्थ निरोग रह सकता है जो काफी दशक से साधू संतों के द्वारा योग किया जा रहा है अब इसका योग गुरु रामदेव ने पूरे देश में तथा मोदीजी ने पूरी दुनियाभर में नाम कर दिया है। इस अवसर पर अनुज मित्तल,पार्षद संतोष राणा, ओमप्रकाश ओढ, सभासद पूनम सिंह पूर्व पार्षद पीतांबर पाल, प्रदीप यादव, हेमराज माहोर राजेश गुप्ता कपिल गर्ग विनोद गुप्ता सुरेंद्र सिंह प्रीतम लाल, अनिल सांवरिया, बाबू सिंह,.मनवीर गौतम महेश चंद, टीकम सिंह, चरण सिंह, ताराचंद सारसवत आदि भी उपस्थित हुए।

# अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रॉपीज 2025 मेयर्स चैलेंज मे गाजियाबाद नगर निगम को मिला स्थान, नगर आयुक्त ने टीम को बोला एक्सीलेंट

**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के कुशल नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम लगातार उत्तर प्रदेश या भारत में ही नहीं बल्कि विश्व में भी अपनी एक अलग पहचान बनाता जा रहा है इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम के सुझावों को ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रॉपीज 2025 मेयर्स चैलेंज में शामिल किया गया है, जो कि शहर के लिए बहुत ही उत्साह का विषय है गाजियाबाद नगर निगम विश्व के 50 सर्वश्रेष्ठ नगर निकायों में शामिल किया गया है जिनके द्वारा जन हित में अपने-अपने सुझाव चैलेंज के माध्यम से दिए गए थे,






महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद नगर निगम टीम की सरहाना की गई तथा निगम अधिकारियों को बेहतर प्लानिंग के लिए भी उत्साहवर्धन किया गया।

महापौर द्वारा बताया गया कि ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रॉपीज 2025 मेयर्स चैलेंज मे गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भी प्रतिभाग किया गया अधिकारियों की मेहनत रंग लाई तथा टॉप 50 नगर निकायों में गाजियाबाद नगर निगम का भी स्थान रहा, यह उपलब्धि गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों द्वारा शहर हित में हासिल की गई है' नगर निगम द्वारा एस एच जी महिलाओ के समूह के माध्यम से गोबर से पेंट बनाने की प्रणाली तथा हाई राइज सोसाइटियों से निकलने वाले कचरे से खाद बनाने की प्रणाली तथा प्रतियोगिता में रखा गया, जिसकी प्रशंसा विश्व स्तर पर हुई तथा टॉप 50 नगर निकाय में गाजियाबाद को भी शामिल किया गया जो की सराहनीय है।

गाजियाबाद नगर निगम नालियों में बहने वाले गोबर को रोक कर शहर से निकलने वाले गोबर का इस्तेमाल पेंट बनाने में करेगा जिसको शहर की बिल्डिंग की छत पर इस्तेमाल में लिया जाएगा, जिसके द्वारा वातावरण का बढ़ता तापमान लगभग 5 से 6 डिग्री स्वत ही काम रहेगा, तथा शहर वासियों को इसका लाभ मिलेगा इसी प्रकार दूसरी प्रणाली जिससे हाई राइज समिति से निकलने वाले कचरे का इस्तेमाल खाद बनाने में किया जाएगा जिससे मीथेन गैस का उत्सर्जन कम होगा फलस्वरूप शहर को ग्रीन लंगस गाजियाबाद बनाया जाएगा।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर हित में कार्य कर रहा है इसी क्रम में विश्व स्तर पर भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अपनी प्लानिंग को साझा किया गया तथा कंपटीशन में प्रतिभाग करते हुए अपना मुकाम हासिल किया 2021 में उड़ीसा के रोड कैला निगम को यह मुकाम मिला था आज गाजियाबाद नगर निगम को भी यह मुकाम मिला है जो कि हर्ष का विषय है गाजियाबाद नगर निगम अपनी प्लानिंग को बेहतर तरीके से विश्व स्तर पर निभाएगा, इस उपलब्धि में जनप्रतिनिधियों माननीय पार्षदों तथा क्षेत्रीय निवासियों की भी अहम भूमिका तथा सहयोग मिला है जो की प्रशंसनीय है नगर आयुक्त द्वारा बड़ी उपलब्धि पर अपनी टीम का उत्साहवर्धन किया गया।

# पुलिस आम जनता के उत्पीड़न में लगी हुई है अपराधों पर ध्यान नहीं : अजय राय

**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मिल्क रावली मुरादनगर गाजियाबाद पहुंच कर जो घटना दुखद घटना घटी पुलिस थाने के सामने रवि नौजवान एक साथी को गोली मारकर हत्या कर दी गई उसके परिजन के साथ उनके घर बैठकर दुख साझा किया और विश्वास दिलाया कि हर सूरत में कांग्रेस पार्टी आपके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। अजय राय ने कहा कि इकबाल खोती हुई उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इस प्रदेश की व्यवस्थाएं वहां पर यह घटनाएं घटित होनी उन सब का परिणाम है पुलिस आम जनता के उत्पीड़न पर लगी हुई है उन्हें कोई सुरक्षा या कानून की व्यवस्थाओं को संभालने में नाकाम निरंतर साबित हो रही है यह परिणाम है आसपास की होती हुई रोज की अपराधी घटनाओं में और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतीश शर्मा महानगर कांग्रेस कमेटी वीर सिंह जाटव, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, सुशांत गोयल पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एआईसीसी




सदस्य संजीव शर्मा एआईसीसी समस्त कांग्रेस के सभी गाजियाबाद जिले के और अन्य जिलों के सब साथी परिजनों से मिले और उनका ढडस बनाया संबल दिया कि परिवार अपको आसाहे महसूस ना करें क्योंकि परिजन बहुत आज भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं शोवकाकुल परिवार आज भी भविष्य के लोगों को लेकर चिंतित है परंतु अजय राय ने ठोस कदम उठाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आज उत्तर प्रदेश के लिए डीजीपी भी नियुक्त नहीं कर पा रहे हैं कार्यवाहक डीजीपी से कार्य चलाना पड़ रहा है मुख्यमंत्री और डीजीपी भी बात करने की बात कही उत्तर प्रदेश में जंगल राज कायम हो चुका है नौजवान महिलाएं बच्चे बड़े बुजुर्ग सभी लूटपाट वारदातों में जगह-जगह ठोकर खा रहे हैं और पुलिस प्रशासन उनकी किसी प्रकार से कोई मदद करने में नाकाम है इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कांग्रेस समर्थन में गांव में पहुंचे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव एआईसीसी सदस्य डॉ संजीव शर्मा डोली शर्मा एआईसीसी सदस्य, तरुण रावत तरुण शर्मा आशुतोष गुप्ता मीडिया प्रभारी अनुज चौधरी कोऑर्डिनेटर अजय मिश्रा विनीत त्यागी पूर्व जिला अध्यक्ष मांगेराम त्यागी कार्तिकेय कौशिक लोकेश राजकुमार पंडित अजय चौधरी अश्वनी त्यागी रियाज सैफी जगदीश सैनी अनवर कुरैशी वीरेंद्र चौधरी शादाब आशीष शर्मा नसीम खान तरुण शर्मा आदि हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंदिरापुरम के कनावनी में करीब 800 करोड रूपए कीमत की जमीन को कराया गया अवैध कब्जे से मुक्त

## जीडीए की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को खाली कराने के लिए की गयी बडी कार्रवाई






**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स महोदय के आदेशों के क्रम में दिनांक 24 जून 2025 को इंदिरापुरम के कनावनी में प्राधिकरण के द्वारा अर्जित करीब 10 हैक्टेयर( एक लाख वर्ग मीटर ) जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की बडी कार्रवाई की गई। इस अवैध रूप से कब्जा की गई जमीन को नए सिरे से आवंटित करने से प्राधिकरण को करीब 800 करोड के राजस्व की प्राप्ति होगी। माननीय जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय पार्षदों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि जीडीए के द्वारा अर्जित जमीन पर अवैध तरीके से रोहिग्या, बांग्लादेशी के द्वारा कब्जा किया गया है। जो कि न केवल झुग्गी बनाकर रह रहे है बल्कि अनेक लोगों के द्वारा धर्म कांटे एवं बिल्डिंग मैटिरियल का कारोबार किया जा रहा है।






इसके अलावा कुछ लोगों के द्वारा स्थायी तौर से निर्माण कर लिया गया है। शिकायतों की जांच के क्रम में जीडीए के द्वारा पडताल करायी गई तो सामने आया कि कनावनी की जिस जमीन पर झुग्गी आदि डाली गई है,वह प्राधिकरण के द्वारा अर्जित की गई थीं। इस बडी कार्रवाई को अंजाम देने के लिए दो बटालियन पीएसी के साथ इंदिरापुरम थाना पुलिस का सहयोग लिया गया था। अवैध कब्जे से मुक्त करायी गई जमीन पर जल्द पिलर खडे करते हुए तार फैंसिंग का कार्य किया जाएगा। नियोजन हेतु फर्म का चयन करते हुए प्रथम चरण की प्लानिंग तैयार की जाएगी। जरूरत मंद लोगों को भूखंड आदि आवंटित किए जा सकेंगे। वह लोग दिल्ली के करीब भूखंड प्राप्त कर सकेंगे,जो कि दिल्ली के निकट अपना आशियाना बनाने के इच्छुक है। प्राधिकरण को उम्मीद है कि इससे करीब 800 करोड के राजस्व की प्राप्ति होगी। प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स ने कहा कि जीडीए की अर्जित जमीन पर अवैध कब्जा सहन नहीं किया जाएगा।

# पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल का हुआ विस्तार

## कपिल गर्ग महानगर अध्यक्ष, रॉबिन सागवान बने महासचिव




**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल पंजीङ्ग द्वारा एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मौजूद पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पंडित आशु शर्मा , जिला अध्यक्ष गौरव गर्ग, सुमेर सिंह धार प्रदेश महासचिव,व्यापारी नेता पंडित राकेश शर्मा सदरपुर मौजूद रहे। वार्ता के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए गाजियाबाद महानगर की कमेटी में कपिल कुमार गर्ग महानगर अध्यक्ष ,संजय गोयल संयोजक, रॉबिन सागवान महामंत्री, मुनेंद्र आर्य व राजेश गुप्ता संरक्षक, दीपक कटारिया उपाध्यक्ष, दिनेश शर्मा उपाध्यक्ष, महेश शर्मा व पवन शर्मा संगठन मंत्री ,आलोक




त्यागी मीडिया, प्रभारी सौरभ कौशिक सचिव व दीपक गर्ग कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष पंडित आशु शर्मा ने कहा की पश्चिमी उत्तरप्रदेश सयुक्त व्यापार मंडल सदैव व्यापारियों की साथ है व व्यापारियों के हित के लिए बना हे। व्यापारी नेता राकेश शर्मा सदरपुर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामना दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद पियूष वशिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष,अनिल चौधरी मंडल उपाध्यक्ष,शन्नी गुप्ता प्रदेश सचिव,बोबी पंडित प्रदेशसचिव।विजय राठी महानगर अध्यक्ष मेरठ,सौरभ रस्तोगी मेरठ कैंट विधानसभा अध्यक्ष ,समाजसेवी बलराम रावल ,पंकज ठाकुर, विवेक अग्रवाल ,अतुल गुप्ता, शिवम ठाकुर व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अगला परिचय सम्मेलन 13 जुलाई को

**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। दुर्गा वाशिंग पाउडर के के चेयरमैन ने बताया कि अगला वैश्य युवक- युवती परिचय सम्मेलन 13 जुलाई दिन रविवार को है उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाए, जिससे कि रिश्ते ज्यादा से ज्यादा हो।



# नेहरू वर्ल्ड स्कूल की बास्केटबॉल टीम राइजिंग स्टार इनविटेशनल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी




**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। नेहरू वर्ल्ड स्कूल की बास्केटबॉल टीम सिंगापुर में आयोजित हो रही राइजिंग स्टार इनविटेशनल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सोमवार को सिंगापुर रवाना हो गई। चैंपियनशिप में भारत का पहला मैच 24 जून को होगा। स्कूल के डायरेक्टर के पी सिंह व एक्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने टीम को सिंगापुर के लिए रवाना किया। स्कूल के कोच प्रदीप तोमर, विजय सिंह व शशांक सिरोही ने बताया कि एनबीए द्वारा पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्कूल स्तरीय टूनामेंट राइजिंग स्टार इनविटेशनल का आयोजन 23 से 29 जून तक



किया जा रहा है। एशिया-पैसिफिक क्षेत्र की चुनी गई 12 स्कूल टीमों में से नेहरू वर्ल्ड स्कूल भारत की एकमात्र प्रतिनिधि टीम है। यह उपलब्धि टीम की खेल प्रतिभा, समर्पण और उल्लेखनीय उपलब्धियों का परिणाम है। हाल ही में सीबीएसई खेलों की राष्ट्रीय विजेता भी रही। टीम के तीन खिलाडियों को भारत कैंम्प के लिए बुलाया गया था, जिसमें से दो का चयन भारतीय टीम में हो चुका है। टीम के खिलाडियों को सिंगापुर के लिए रवाना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई और आशा व्यक्त की कि गई स्कूल की टीम सिंगापुर में देश का नाम रोशन करेगी।

# शिकायतों का शीघ्र समाधान करना सुनिश्चित करें संबंधित अधिकारी : अभिनव गोपाल




**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया। इसमें उप-कृषि निदेशक, गाजियाबाद द्वारा गत किसान दिवस की शिकायतों की अनुपालन आख्या का विस्तृत ब्योरा समस्त कृषकों के सम्मुख पढ़कर सुनाया गया। इसमें गत किसान दिवस की कुछ शिकायतों के निस्तारण पर कृषकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया। कुछ शिकायतों के संबंध में संबंधित जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण अतिशीघ्र कर कृषक एवं उप कृषि निदेशक को आख्या उपलब्ध करायें। सर्वप्रथम उप-कृषि निदेशक गाजियाबाद द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में उपस्थित कृषकों से अपील की कि सभी कृषक फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें। फार्मर रजिस्ट्री के लिए जनसुविधा केन्द्र पर अपना आधार कार्ड, खतौनी की नकल तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नंबर अवश्य ले जाएं। फार्मर रजिस्ट्री के लिए एक माह का समय शासन द्वारा निर्धारित किया गया है, जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी उनको आगामी पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त प्राप्त नहीं होगी। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि पशुओं की बीमारी से बचाव के लिए 31 अगस्त तक पशुओं में टीकाकरण का कार्य कराया जा रहा है। सभी लोग अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य करा लें

मुख्य विकास अधिकारी ने नहरों की सिल्ट सफाई को समय से पूर्ण करने के लिए अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को निर्देश दिए कि सिल्ट सफाई का कार्य हैड से टेल तक अवश्य कराया जाए जिसकी समीक्षा प्रत्येक दो सप्ताह बाद की जायेगी।